# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (14 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-14

## 1. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का 26वाँ स्थापना दिवस

- 12 अक्तूबर, 2019 को **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने (National Human Rights Commission-NHRC) अपना 26वाँ स्थापना दिवस मनाया।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक **स्वतंत्र वैधानिक संस्था** है, जिसकी स्थापना **मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993** के प्रावधानों के तहत 12 अक्तूबर, 1993 को की गई थी।
- मानवाधिकार आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है **और** 12 अक्तूबर, 2018 को इसने अपनी स्थापना की रजत जयंती मनाई।
- NHRC एक **बहु-सदस्यीय संस्था** है जिसमें एक अध्यक्ष सहित 7 सदस्य होते हैं।
- यह आवश्यक है कि 7 सदस्यों में कम-से-कम 3 पदेन (Ex-officio) सदस्य हों।
- अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की जाती है।
- राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के परामर्श पर की जाती है।

## मानवाधिकार क्या हैं?

- यह संविधान द्वारा प्रदत्त मानवाधिकारों जैसे- जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार और समानता का अधिकार आदि की रक्षा करता है और उनके प्रहरी के रूप में कार्य करता है।

- संयुक्त राष्ट्र (UN) की परिभाषा के अनुसार ये अधिकार जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्राप्त हैं।
- मानवाधिकारों में मुख्यतः जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और काम एवं शिक्षा का अधिकार, आदि शामिल हैं।
- कोई भी व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के इन अधिकारों को प्राप्त करने का हकदार होता है।

---

## 2. भारत के उपराष्ट्रपति की सियेरा लियोन यात्रा

- भारत के उपराष्ट्रपति अपनी पश्चिमी अफ्रीकी दो देशों की पाँच दिन की यात्रा के दूसरे चरण में सियेरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन पहुँचे। इससे पहले वह कोमोरोस की यात्रा पर थे।
- फ्रीटाउन में सियेरा लियोन के उपराष्ट्रपति **डॉक्टर मोहम्मद जुल्देह जल्ला** ने उनकी अगवानी की और उनको गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।
- वेंकैया नायडू की यह यात्रा भारत की ओर से हो रही दो अफ्रीकी देशों की पहली उच्चस्तरीय यात्रा है।

इस यात्रा के दौरान भारत और सियेरा लियोन ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और सियेरा लियोन के राष्ट्रपति **जुलिअस माडा बायो** की मौजूदगी में निम्नलिखित समझौतों पर हस्ताक्षर हुए-

- दोनों देश कृषि, खाद्य प्रशंस्करण, सूचना तकनीक, बुनियादी ढाँचा विकास और क्षमता विकास के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए।
- भारत ने सियेरा लियोन में अपना उच्चायोग स्थापित करने की घोषणा की है।
- दोनों देशों ने पैन-अफ्रीकी टेली एजुकेशन, टेली मेडिसिन पहल-**ई-विद्या भारती** और **ई-आरोग्य भारती** में सियेरा लियोन की भागीदारी के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- भारत सियेरा लियोन में सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिये जल्द ही कदम उठाएगा।
- इसके अलावा भारत सद्भावना दर्शाते हुए आगामी महीनों में सियेरा लियोन को एक हज़ार मीट्रिक टन चावल भी भेजेगा।
- गौरतलब है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत सियेरा लियोन में **चार हज़ार सैनिकों** को तैनात किया है।

---

## 3. भारत का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला

- भारत के **प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेले** का आयोजन 11 से 13 अक्तूबर, 2019 तक नई दिल्ली में किया गया।
- इस तीन दिवसीय मेले ने सहकारी समितियों के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के एक बड़े मंच की भूमिका निभाई, जिससे गाँवों और किसानों की समृद्धि बढ़ेगी।
- मेले में 36 देशों के संगठनों ने हिस्सा लिया तथा भारत की डेढ़ सौ से ज़्यादा सहकारी समितियाँ इसमें शामिल हुईं।
- इस मेले में डिलीवरी और हाट-व्यवस्था जैसी चुनौतियों पर चर्चा की गई, जिससे सहकारिता को बल मिलेगा।
- कृषि निर्यात को दोगुना करने और भारतीय किसानों और कृषि उत्पादों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करने के लक्ष्य वाली **कृषि निर्यात नीति, 2018** के अनुरूप यह मेला आयोजित किया गया।
- NCDC द्वारा निर्देशित यह मेला एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन (NEDAC), तीन मंत्रालयों, चार राज्य सरकारों और अनेक शीर्ष स्तरीय भारतीय सहकारी संगठनों की सहायता से आयोजित किया गया।

इस तीन दिवसीय मेले में IICTF ने उन प्रदर्शकों/विक्रेताओं/खरीदारों को शामिल किया, जो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की पूर्ण मूल्य श्रृंखलाओँ, कोल्ड चेन, डेयरी जिन्सों, निर्यात, प्रौद्योगिकी, जलवायु के अनुरूप कृषि, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण, मशीनरी, ब्रांड का प्रचार, विपणन, सहकारी-बैंकिंग, कृषि-तकनीक, साइबर-सुरक्षा, मवेशी, मत्स्य पालन, हथकरघा, हस्तशिल्प, कपड़ा, उपभोक्ता सामान, आतिथ्य, बीमा, वित्त, ऋण, स्वास्थ्य सेवाएँ, महिला समूहों के उत्पाद और क्षमता विकास जैसे **कोऑपरेटिव-टू-कोऑपरेटिव व्यापार** पर ध्यान केंद्रित किया।

---

## 4. डच ओपन सुपर 100

  - विश्व में 72वीं वरीयता प्राप्त भारत के शटलर **लक्ष्य सेन** ने **डच ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट** के फाइनल में विश्व में 160वीं वरीयता प्राप्त जापान के यूसुके ओनेडेरा को कड़े मुकाबले में पराजित किया।
  - 13 अक्तूबर, 2019 को अल्मेरे (नीदरलैंड्स) में भारत के लक्ष्य सेन द्वारा जीता गया यह खिताब उनके कॅरियर का यह पहला BWF खिताब था। डच ओपन BWF विश्व टूअर सुपर 100 टूर्नामेंट है।
  - एशियाई जूनियर चैंपियन, युवा ओलंपिक खेलों के रजत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने इससे पहले पिछले महीने बेल्जियम इंटरनेशनल का खिताब जीता था। इसी साल वह पोलिश ओपन के फाइनल में भी पहुँचे थे।

- पिछले वर्ष 22 जुलाई को **जूनियर एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप** जीतने वाले वह तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे।
- उनसे पहले पी.वी. सिंधु और गौतम ठक्कर ने ऐसा किया था। तब लक्ष्य सेन पिछले 53 सालों में यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे।
- लक्ष्य सेन का जन्म 16 अगस्त, 2001 को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुआ था।
- **लक्ष्य सेन की यह इस सत्र की दूसरी, जबकि करियर की छठी ट्रॉफी है ।**